हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, रविवार 22 फरवरी 2026
[ सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड ]

तापमान
अधिकतम 32.2 डिग्री
न्यूनतम 18.6 डिग्री

14 चिरायु योजना से मासूम लोकेश्वर को मिला नया ...

14 खैरटखुर्द स्कूल में हुई टीएलएम निर्माण ...


**खबर संक्षेप**

### थार वाहन की टक्कर से स्कूटी सवार घायल

**महासमुंद।** ग्राम जामपाली में एक थार वाहन की टक्कर से स्कूटी सवार व्यक्ति घायल हो गया। पिथौरा पुलिस ने बताया कि 17 फरवरी की शाम 4 से 5 बजे के बीच खेमराज ध्रुव पिता सुकलाल ध्रुव अपनी स्कूटी वाहन क्रमांक सीजी 06 एचई 8590 से जा रहा था। रूपा कैंटीन ग्राम जामपाली के पास सरायपाली की ओर से आ रही एक लाल रंग की थार वाहन क्रमांक डब्लूबी 08 के 3880 का चालक ने अपने वाहन को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर खेमराज ध्रुव की स्कूटी को टक्कर दिया। एक्सीडेंट में खेमराज ध्रुव के बांया पैर के जांघ, छाती, घुटने के नीचे, कंधा, सिर एवं चेहरे में चोट लगी है। मामले में रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध पिथौरा थाने में धारा 125(ए), 281 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### एक्सीडेंट में मिनी ट्रक चालक घायल

**महासमुंद।** तुमगांव में करणी कृपा पावर प्लांट के पास एक टमाटर से लोड मिनी ट्रक रोड किनारे खड़ी वाहन से टकरा गई। घटना में मिनी ट्रक के चालक को गंभीर चोटें आई। पुलिस ने बताया कि सुनील कुमार मेहेर रायपुर से अपनी मिनी ट्रक क्रमांक ओडी 17 एए 5471 में टमाटर लोड कर कटक (ओडिशा) जा रहे था। सुबह करीबन 4 बजे एनएच 53 रोड करणी कृपा पावर प्लांट तुमगांव के पास बिना इंडीकेटर व संकेतक दिए लापरवाही पूर्वक खड़े मिनी ट्रक वाहन क्रमांक सीजी 08 एल 3803 से टकरा गई। घटना में सुनील कुमार मेहेर के दांये पैर, पेट में गंभीर चोटें आई। रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 125(ए), 285 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### महिलाओं को जान से मारने की धमकी

**महासमुंद।** महिलाओं को जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपियों के विरूद्ध सिंघोड़ा थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को शालिनी बारिक पति सनातन बारिक (32 साल) निवासी लांती ने बताया कि 19 फरवरी की रात करीबन 8 बजे के आसपास में अपने गांव की नीला बाई मानिकपुरी, अनुसया साहू, सेत बाई मानिकपुरी, संतोषनी साहू, दिव्या साहू, भूमि बरिहा, नीतांजली प्रधान, प्रेम नंदनी साहू और सावित्री मोंगरे के साथ गांव में घूम रही थी। गांव के जगन्नाथ मंदिर के पास आरोपी योगेंद्र भोई, नेपाल भोई, मकरध्वज भोई, गोविंद भोई ने आकर तुम लोग गांव में क्यों घूम रहे हो कहते हुए सभी महिलाओं के साथ गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 296, 351 (2), 3(5) भारतीय न्याय संहिता के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

# ई-केवायसी के नाम पर काट दिए गए राशन, दाने-दाने को तरस रहे उपभोक्ता

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

जिले के शासकीय उचित मूल्य की दुकानों में ई-केवायसी के नाम पर हजारों उपभोक्ताओं के राशन काट दिए गए हैं। राशन दुकानों में बीते तीन-चार माह से यही हाल है। राशन नहीं मिलने से दुकानों के सेल्समैन व उपभोक्ताओं के बीच तानातनी की स्थिति बन रही है। इधर, राशन नहीं मिलने से उपभोक्ता दाने-दाने को तरस रहे हैं।

जानकारी के अनुसार शासकीय उचित मूल्य की दुकानों में राशन कार्ड की ई-केवाईसी कराया गया था। इसे न कराने या आधार से लिंक न होने पर बहुत से लोगों के राशन कार्ड से नाम काटे गए थे। सरकार द्वारा नकली और अपात्र लाभार्थियों को हटाने के लिए यह प्रक्रिया अपनाई थी। किंतु, इसमें ऐसे हजारों उपभोक्ता है, जो अपना ई-केवायसी पूरा कर लिया था। और पात्र भी दर्शाया गया है। इसके बावजूद राशन नहीं मिलने से इन उपभोक्ताओं की परेशानी बढ़ गई। बीते तीन-चार माह से इन उपभोक्ताओं को राशन नहीं मिल रहा है।

## दुकानों में बीते तीन-चार माह से यही हाल, उपभोक्ताओं व सेल्समैन में तानातनी की स्थिति

### दुकान संचालन में हो रही परेशानी

जानकारी के अनुसार शासकीय उचित मूल्य दुकानों के सेल्समैनों ने बताया कि ई-केवायसी के नाम पर वंचित ऐसे उपभोक्ताओं के साथ राशन को लेकर रोज कहा-सुनी हो रही है। उपभोक्ता हम पर चावल रखने का आरोप लगा रहे हैं। वहीं अधिकारियों से पूछे जाने पर विभाग से नाम काटने का हवाला दिया जा रहा है। यह स्थिति रही तो राशन दुकान संचालन करने में बहुत परेशानी होगी।




### समय पर दुकानों में नहीं पहुंच रहे राशन

सूत्रों के अनुसार जिले में संचालित अधिकांश राशन दुकानों में चावल का भंडारण नहीं हो पाया है। जिसके कारण उपभोक्ताओं को राशन वितरण करने में परेशानी हो रही है। चावल, शक्कर, नमक का वितरण किया जाता है। कभी चावल पहुंता तो शक्कर नहीं मिलता है। शक्कर मिलता है तो नमक समेत अन्य सामग्री समय पर नहीं मिल रही है। जिसके चलते उपभोक्ताओं को सामग्री वितरण करने विलंब होता है।

## अपराध : हत्या या अन्य कारण, जांच में जुटी पुलिस

# माहभर के भीतर शराब दुकान के पास मिली दूसरी लाश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

शहर के देशी शराब दुकान के पास

- देशी शराब भट्टी के पीछे मिली लाश, फॉरेंसिक टीम ने जुटाए साक्ष्य

माह भर में दूसरी घटना में लाश मिली है। माह भर पहले तीन युवकों ने एक युवक को शराब के नशे में चाकू गोदकर मार डाला वहीं शनिवार सुबह एक युवक की लाश सितली नाला के पास स्थित शराब दुकान के पीछे झाड़ियों में मिली। अब यह मामला भी शराब से ही जुडा हुआ है। अत्यधिक शऱाब सेवन से अधेड़ की मौत हुई है या अन्य कोई वजह। इसकी जांच पुलिस कर रही है।



बता दें कि मृतक की पहचान क्लब पारा वार्ड नंबर 26 निवासी हेमंत दीवान (45 वर्ष) के रूप में हुई है। सिटी कोतवाली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज भेजा है। मौत के कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो पाएगा। सुबह सूचना मिलते ही पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। फॉरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया और साक्ष्य जुटाए। परिजनों के अनुसार, हेमंत दीवान शुक्रवार सुबह 9 बजे घर से निकला था और रात भर वापस नहीं लौटा था। जानकारों ने परिजनों को सूचना दी कि उनका शव देशी शराब भट्टी के पीछे पड़ा है।

### जांच में जुटी पुलिस


जानकारी के मुताबिक, हेमंत लंबे समय से शराब पीने के आदी था। पुलिस की मानें तो मौत की असली वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही स्पष्ट हो पाएगी, कि यह अत्यधिक शराब सेवन से हुई है या किसी अन्य कारण से। कारण चाहे जो हो माह भर मे हुई दोनों घटनाओं में शऱाब कॉमन है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# महासमुंद-तुमगांव रोड चौड़ीकरण, हरे-भरे पेड़ों पर चलाई जा रही मशीन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद



जिला मुख्यालय से तुमगांव की ओर जाने वाली सड़क के सौंदर्यीकरण और चौड़ीकरण से निश्चित ही लोगों को सुविधा मिलेगी। लेकिन, हरियाली नहीं पर चल रही बेतरतीब आरियों से लोगों के मन भी छलनी हो रहे हैं। लोगों ने वर्षों से जिन पौधों को पेड़ बनेते देखा या सालों जिसकी छांव महसूस की उनके काटे जाने की पीड़ा भी छलक रही है। कटाई के बाद पेड़ यत्र तत्र गिरे पड़े हैं। लोगों का कहना है कि इन पेड़ों की शिफ्टिंग हो सकती थी किंतु, निर्माण एजेंसी व संबंधित विभाग द्वारा इस ओर ध्यान नहीं गया। नतीजातन, हरे-भरे पेड़ अब ठूंठ में बदल गए हैं।



महासमुंद से तुमगांव तक सड़क चौड़ीकरण का कार्य करीब सालभर से जारी है। जिले के व्यस्ततम सड़कों में से एक इस सड़क निर्माण कार्य में भारी लापरवाही बरती जा रही है। शुरू से विवादों में रहे यह सड़क निर्माण कार्य को ऐन बरसात के पहले ही शुरू किया गया। बरसात में निर्माण कार्य जारी रहा है। अभी तुमगांव से कौंदकेरा तक सड़क पर मुरुम, मिट्टी व गिट्टी डालने का ही कार्य ही हो पाया है। सड़क पर फैली गिट्टयों से राहगीरों को आवागमन में परेशानी हो रही है।

### करीब 20 करोड़ की लागत से बनेगी सड़क

बात दें कि शासन द्वारा एक पहले राशि स्वीकृत होने के बाद कार्य शुरू हो गया। 9.65 किलोमीटर लंबाई तक चौड़ीकरण के कार्य की लागत राशि कुल 19.86 करोड़ रुपए है। इसमें पुल, पुलिया सहित चौड़ीकरण का कार्य शामिल है। पहले चरण में ही तुमगांव की ओर से यह निर्माण कार्य शुरू हुआ।

### कौंदकेरा से महासमुंद शहर तक निर्माण

दूसरे फेज में कौंदकेरा नाला से महासमुंद शहर तक काम शुरू हो गया है। इसके लिए महासमुंद शहर के शारदा मंदिर आगे सड़क किनारे हरे भरे पेड़ों की कटाई की जा रही है। इसके पूर्व भी सैकड़ों पेड़ों व कटहनियों की कटाई कर चुके हैं। इस मार्ग से हरियाली गायब हो गई है। केवल पेडों की ठूंठ नजर आ रहा है।



## हथियार लहरा रहे दो युवक गिरफ्तार

**महासमुंद।** धारदार हथियार लहराकर लोगों को डराने के दो मामलों में आरोपियों के विरूद्ध सिटी कोतवाली में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि पूरण साहू उर्फ मोनू संजय गार्डन के सामने मेन रोड महासमुंद में एक धारदार चाकू को लहरा कर आने जाने वाले लोगो को डरा धमका रहा है जिसे घेराबंदी कर पकडा गया। तलाशी के दौरान आरोपी पूरण साहू उर्फ मोनू पिता संतोष साहू (19 वर्ष) वार्ड नं 05 नयापारा महासमुंद के कब्जे से एक चाकू बरामद किया गया। वहीं दूसरे मामले में पुलिस ने भलेसर रोड के पास चाकू लेकर लोगों को डरा धमका रहे नरेंद्र साहू पिता स्व जनकराम साहू (28 वर्ष) वार्ड नं. 5 भाऊ किराना स्टोर्स के पास नयापारा महासमुंद को गिरफ्तार किया है। दोनों ही मामलों में आरोपियों के विरूद्ध धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

## युवक से मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

युवक से मारपीट के मामले में कोतवाली पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध मामला दर्ज किया है। पुलिस को कंचन थापा ने बताया कि उसे उसके भाई समीर ने सूचना दी कि बड़े भाई सन्नी थापा के साथ पास में रहने वाले लोकेश कामडे ने मारपीट किया है। जब वह अपने बड़े भाई सन्नी को देखने आई तब समीर ने बताया कि 10 फरवरी की रात करीब 09 बजे सन्नी थापा, लोकेश कामडे के घर के बाहर टहल रहा था और लोकेश के पिता उदयभान को शराब पिलाने के लिये बोला, इसी बात को लेकर बहस हो रही थी, तभी उदयभान का लड़का लोकेश कामडे डंडा लेकर आया और गाली गलौज करते हुए सन्नी थापा को सिर में मारकर चोट पहुंचाया। जिसे जिला अस्पताल में इलाज के लिए लाया गया, जहां से उसे रायपुर रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा आज, 2585 होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग रायपुर द्वारा राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2025 का आयोजन 22 फरवरी 2026 को किया गया है। परीक्षा के आयोजन के लिए जिला में 10 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिसमें 2585 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा दो पालियों में होगी। प्रथम पाली का समय सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा द्वितीय पाली का समय अपरान्ह 3 बजे से 5 बजे तक निर्धारित किया गया है। परीक्षा प्रारंभ होने के 15 मिनट पश्चात उपस्थित होने वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा में सम्मिलित होने का अवसर नहीं मिलेगा। परीक्षा प्रारंभ होने के 15 मिनट पहले परीक्षा केंद्र के समस्त प्रवेश द्वार बंद कर दिये जाएंगे।

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग रायपुर के निर्देशानुसार परीक्षा के दौरान परीक्षा कक्ष में किसी भी अधिकारी एवं परीक्षार्थी को मोबाइल सेल फोन या अन्य किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक सामग्री के साथ प्रवेश करना प्रतिबंधित है। परीक्षा केंद्र में अभ्यर्थी को अपने साथ फोटो युक्त प्रवेश पत्र एवं मूल पहचान पत्र साथ लेकर आना अनिवार्य होगा। अभ्यर्थियों को जूते अथवा मोटे सोल या ऊंची हील वाले फुटवियर पहनने की अनुमति नहीं होगी। अभ्यर्थी केवल पतले सोल वाली चप्पलें अथवा स्लीपर पहन सकते हैं। अभ्यर्थियों को नजर के चश्मों के अतिरिक्त अन्य किसी प्रकार के चश्में, गॉगल्स, गूगल, मेटा या अन्य डिजिटल ग्लासेस, चश्मे पहनने की अनुमति नहीं होगी। ऐसे दिव्यांग अथवा बीमार अभ्यर्थी जिन्हें चिकित्सकीय कारणों से जूते अथवा उपकरण धारण करने की आवश्यकता हो उन्हें गहन जांच के अधीन जूते अथवा उपकरण धारण करने की अनुमति होगी। अभ्यर्थी हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े पहन कर परीक्षा केंद्र में प्रवेश ले सकते हैं। काले, गहरे नीले, गहरे हरे, जामुनी, मैरून, बैंगनी रंग एवं गहरे चाकलेटी रंग के कपड़े पहनना वर्जित होगा। अभ्यर्थी कार्गो एवं डिजाईनर कपड़े पहन कर परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो सकेंगे। सामान्य जींस पैंट एवं अन्य पैंट पहनने की अनुमति होगी। महिला अभ्यर्थी सलवार-कुर्ती तथा चुनरी तथा चुनरी (दुपट्टा) पहन सकेंगे, लेकिन कुर्ती की बांह छोटी (आधी) होनी चाहिए। साड़ी के साथ पहने जाने वाली ब्लाउज की बांह आधी होनी चाहिये। कान में किसी भी प्रकार का आभूषण वर्जित है। धर्म व रिवाजों के अनुसार अत्यंत आवश्यक आभूषण एवं प्रतीक चिन्हों छोड़कर अन्य आभूषण व प्रतीक धारण करने की अनुमति अभ्यर्थियों को नहीं होगी। विवाहित महिला अभ्यर्थियों को एक नोज पिन तथा एक मंगलसूत्र धारण करने की अनुमति होगी। उक्तानुसार किसी भी आभूषण व प्रतीक के धारण किए जाने की अनुमति गहन जांच के अधीन दी जाएगी। सभी अभ्यर्थियों के लिए प्रत्येक पाली में परीक्षा प्रारंभ होने के कम से कम 2 घंटा पूर्व परीक्षा केंद्र पर उपस्थित होना अनिवार्य होगा, जिससे उनकी मेटल डिटेक्टर व मैनुअल तलाशी व फिस्किंग, मूल पहचान पत्र के साथ उनके प्रवेश पत्र का सत्यापन तथा उनके चेहरे के मिलान का कार्य किया जा सके।

## शराब पीने की सुविधा उपलब्ध कराने वालों पर कार्रवाई

**महासमुंद।** बसना पुलिस ने ग्राम बड़ेसाजापाली में लोगों को शराब पीने की सुविधा उपलब्ध करा रहे दो लोगों के विरूद्ध कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि ग्राम बडेसाजापाली का माखन सेन पिता नारायण सेन (32 साल) अपने घर के पास और कुमार सिंह सिदार पिता डोकरी सिदार (50 साल) अपने दुकान में लोगों को शराब पीने की सुविधा उपलब्ध करा रहा था। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध आबकारी एक्ट की धारा 36 (सी) के तहत कार्रवाई की गई।

## उपजिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनीतिक दलों की बैठक में दी जानकारी

# एसआईआर के बाद जिले में 8698 नए मतदाता बढ़े

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली

- विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 अंतिम फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली प्रकाशित




एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रायपुर छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार जिला महासमुंद में निर्वाचक नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर 27 अक्टूबर 2025 से प्रारंभ किया गया। उप जिला निर्वाचन अधिकारी सचिन भूतड़ा ने राजनीतिक दलों की बैठक में जानकारी दी कि कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विनय लंगेह के मार्गदर्शन में जिले में कुल 1083 बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर गणना प्रपत्र वितरित किए गए तथा मतदाताओं के मिलान एवं मैपिंग का कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया। इस कार्य में जिले के कर्मचारियों, वालेंटियर्स, मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं बीएलए का सहयोग रहा। निर्वाचक नामावलियों का प्रारंभिक प्रकाशन 23 दिसंबर 2025 को किया गया। पश्चात 23 दिसंबर 2025 से 22 जनवरी 2026 तक दावा-आपत्तियां प्राप्त की गईं तथा 14 फरवरी 2026 तक उनका निराकरण किया गया। प्रारंभिक प्रकाशन के बाद जिले में कुल 8698 नए मतदाता पंजीकृत हुए एवं 5547 मतदाताओं के नाम विलोपित किए गए।

### यहां देख सकते हैं मतदाता अपना नाम

जिले के सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को 21 फरवरी को प्रकाशित अंतिम फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली की हार्डकॉपी तथा फोटो रहित निर्वाचक नामावली की ईमेज पीडीएफ की सॉफ्टकॉपी (सीडी) बैठक के दौरान प्रदान की गई। मतदाता अपना नाम वेबसाइट https://ceochhattisgarh.nic.in वोटर पोर्टल https://voters.eci.gov.in, ECINET ऐप, बीएलओ के माध्यम से अथवा जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय, ERO, AERO कार्यालय से जांच सकते हैं। किसी मतदाता के नाम या पते में त्रुटि हो, पता परिवर्तन कराना हो अथवा नाम अन्यत्र स्थानांतरित कराना हो, तो वे फार्म-8 भरकर बीएलओ या ईआरओ को प्रस्तुत कर सकते हैं।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली चोरी का आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

ट्रैक्टर और ट्रॉली चोरी करने वाले

- पकड़े गए आरोपी को न्यायिक रिमांड पर दिया गया जेल भेज ट्रैक्टर ट्राली को किया जब्त




एक आरोपी को बलौद पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने बताया कि ग्राम पालीडीह निवासी सनमत बारीक ने बलौदा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 13 फरवरी को उन्होंने अपना आयशर ट्रैक्टर (क्रमांक सीजी 06 ई 3610) को काम के बाद बाड़ा (ब्यारा) में खड़ा किया था। अगली सुबह जब वे वहां पहुंचे, तो ट्रैक्टर और ट्रॉली नहीं थे। काफी खोजबीन के बाद भी जब सुराग नहीं मिला, तो अज्ञात चोर के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना बलौदा पुलिस ने जांच तेज की। इसी दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम अर्जुंडा के पास एक संदिग्ध युवक ट्रैक्टर बेचने की फिराक में घूम रहा है। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और आरोपी युवक निराकार उर्फ दलदल नेताम निवासी ग्राम कनपला को हिरासत में लिया। पूछताछ करने पर आरोपी ने चोरी करना स्वीकार करते हुए ट्रैक्टर और ट्रॉली को कोटद्वारी के जंगल में छिपाकर रखना बताया। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर जंगल से ट्रैक्टर और ट्रॉली को बरामद कर लिया है।

## खबर संक्षेप

### गांजा तस्कर को तीन वर्ष कैद, 25 हजार जुर्माना

**रायपुर।** डीडीनगर थाना क्षेत्र में एक वर्ष पूर्व पौने पांच किलो गांजा के साथ गिरफ्तार तस्कर को विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस किरण थवाईत की कोर्ट ने आरोपी को तीन वर्ष कैद के साथ 25 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। विशेष लोक अभियोजक भुवन लाल साहू के अनुसार, कोर्ट ने मूल रूप से ओडिशा निवासी संजय विश्वकर्मा को कैद और जुर्माने की सजा सुनाई है। पुलिस ने संजय को 11 मई 2025 में गांजा के साथ गिरफ्तार किया था। संजय ने गांजा अपने ससुर के घर में छिपाकर रखा था।

### महिला के गले से एक लाख की चेन पार

**रायपुर।** डीडीनगर थाना में एक व्यक्ति ने अज्ञात के खिलाफ उसकी मां के गले से एक लाख रुपए कीमत की चेन चोरी कर फरार होने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। डीडीनगर सेक्टर-2 निवासी कोणाल देवरनकर ने चेन स्नैचिंग की शिकायत दर्ज कराई है। कोणाल ने पुलिस को बताया कि उसकी मां 15 फरवरी को महाशिवरात्रि के अवसर पर महादेवघाट स्थित हाटकेश्वर महादेव मंदिर में दर्शन करने गई थी। इस दौरान अज्ञात चोर भीड़ का फायदा उठाते हुए कोणाल की मां के गले से चेन चोरी कर ले गया।

### रेंज आईजी ने ली पुलिस अफसरों की समीक्षा बैठक

**रायपुर।** कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने शुक्रवार को रेंज आईजी अमरेश मिश्रा ने रायपुर (ग्रामीण), महासमुंद, गरियाबंद, धमतरी और बलौदाबाजार जिले के एसपी-एएसपी के साथ समीक्षा बैठक की। इस दौरान आईजी ने सभी पुलिस अफसरों को लंबित प्रकरणों के निराकरण के साथ-साथ स्कूल के आसपास मादक पदार्थ बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए। होली में असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई तेज करने कहा।

# बालक छात्रावास संक्रमणरहित, लेकिन बालिका छात्रावास पीलिया की चपेट में, रविवि ने बदली पाइपलाइन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

पं. रविशंकर शुक्ल विवि के हॉस्टल में पीलिया फैल गया है, लेकिन केवल बालिका छात्रावास ही संक्रमण की चपेट में आया है। बालक छात्रावास में फिलहाल संक्रमण का एक भी मामला सामने नहीं आया है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए रविवि ने उस हॉस्टल की पानी की पाइप लाइन बदली है, जहां छात्राओं में संक्रमण के केस मिले। रविवि परिसर स्थित सेंटर फॉर बेसिक साइंस में 90 छात्राएं हैं। यहां की छात्राओं द्वारा ही सर्वप्रथम खराब पानी और इसके कारण बीमारी की शिकायत की गई थी। सभी छात्राओं की पीलिया जांच रविवि द्वारा की गई। इनमें से 4 छात्राओं की रिपोर्ट पॉजीटिव आई है। संक्रमित पाई गई छात्राओं का उपचार जारी है और स्थिति विशेष चिंताजनक नहीं है। अंदरूनी सूत्रों के अनुसार, सीबीएस छात्रावास में पानी की सप्लाई जिस पाइप लाइन के माध्यम से होती है, वहां एक स्थान पर लीकेज की बात जांच में सामने आई है। इसके बाद पाइपलाइन में बदलाव किया गया है।

## दूषित पानी की शिकायत लेकर कुलपति के पास पहुंची थीं छात्राएं

### टंकी सफाई की मांग

एक के बाद एक लगातार छात्राओं के बीमार होने पर छात्राएं कुलपति के पास शिकायत लेकर पहुंची थीं। इसके बाद विवि प्रशासन हरकत में आया और कई स्तर पर जांच कराई गई। वहीं, छात्राओं के एक समूह का कहना है कि टंकी की सफाई नियमित रूप से नहीं होती है। कई बार नहाने का पानी भी गंदा आता है। छात्राओं ने इसकी सफाई की भी मांग की है।



रविवि गर्ल्स हॉस्टल में 290 छात्राएं, इनमें से 4 की रिपोर्ट पीलिया पॉजीटिव

### एक ही ठेकेदार बनाता है भोजन

रविवि में तीन बालक छात्रावास हैं। इसमें आजाद व गांधी हॉस्टल सहित रिसर्च हॉस्टल भी शामिल है। यहां 115 छात्र अध्ययनरत हैं। रिसर्च हॉस्टल में अध्ययनरत छात्रों की संख्या अधिक नहीं होने के कारण वे गांधी हॉस्टल में आकर भोजन करते हैं। बालक छात्रावास की तुलना में बालिका छात्रावास की संख्या अधिक है। स्नातक, स्नातकोत्तर, नवीन कन्या, रिसर्च तथा सीबीएस हॉस्टल मिलाकर 290 छात्राएं अध्ययनरत हैं। इन सभी छात्रावास में भोजन एक ही ठेकेदार द्वारा बनाया जाता है। प्रारंभिक जांच में दूषित पानी से भोजन तैयार होने की आशंका को नकारा गया। इसके बाद पानी के स्त्रोत की जांच की गई।

## पुलिस ने छह बदमाशों को गिरफ्तार कर बंधकों को छुड़ाया

# धमतरी के दो युवकों को दो दिन तक रखा बंधक, पिटाई का वीडियो भेजकर मांगे पैसे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दो लाख रुपए के लेन-देन के विवाद पर धमतरी के दो युवकों को बंधक बनाकर दो दिन तक मारपीट करने तथा उनकी प्रापर्टी को अपने नाम एग्रीमेंट कराने के आरोप में पुलिस ने आधा दर्जन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। घटना में शामिल अन्य आरोपियों की पुलिस पतासाजी कर रही है। युवकों को बदमाशों ने रामकुंड स्थित एक तालाब के पास झोपड़ी में बंधक बनाकर रखा था। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने साढ़े तीन हजार रुपए कैश के साथ दो पिस्टल, दो जिंदा कारतूस जब्त किया है।

मामले का खुलासा करते हुए डीसीपी रायपुर वेस्ट संदीप पटेल ने बताया कि धमतरी निवासी जीवन यदु, राकेश शर्मा के अपहरण तथा मारपीट करने के आरोप में कामरान अब्बास (29), नवीन उर्फ नन्नू ढीमर (19), लक्की निषाद उर्फ छोटा चिकन (19), राकेश धीवर (24), अनिल धीवर (30) और हरिओम सोनकर (47) को गिरफ्तार किया है। पुलिस को परिजनों के माध्यम से दोनों युवकों के बंधक बनाए जाने की गुरुवार को जानकारी मिली। इस पर पुलिस की स्पेशल टीम गठित कर मामले की जांच करते हुए बदमाशों की पतासाजी कर गिरफ्तार किया।




### मुख्य आरोपी पर 14 से ज्यादा अपराध दर्ज

घटना का मुख्य आरोपी धमतरी निवासी हरिओम सोनकर है। उसके खिलाफ धमतरी के अलग-अलग थाना क्षेत्र में एक्सटार्सन, ठगी तथा अन्य 14 से अधिक गंभीर अपराध दर्ज हैं, जिनमें अपहरण, लूट, आर्म्स एक्ट, धोखाधड़ी और आईटी एक्ट के प्रकरण शामिल हैं। वहीं अन्य आरोपियों का भी आपराधिक रिकॉर्ड रहा है।

### पैसा देने का झांसा देकर रायपुर बुलाया

*बताया जा रहा है, जीवन का हरिओम के साथ जमीन संबंधी लेनदेन था। हरिओम ने जीवन को रायपुर में पैसा देने का झांसा देकर आजाद चौक थाना क्षेत्र के रामकुंड के पास बुलाया। इस पर जीवन अपने साथी राकेश के साथ रायपुर पहुंचा। बताया जा रहा है, हरिओम के बताए स्थान पर जीवन तथा उसका साथी पहुंचे। मौके पर हरिओम नहीं मिला। बदमाश हरिओम के इशारे पर दोनों लड़कों को झांसा देकर अपने साथ ले गए और उन्हें बंधक बना लिया।*

### मारपीट का वीडियो भेज कर परिजनों से पैसों की मांग

*जिन लोगों का बदमाशों ने अपहरण किया था, उन लोगों के साथ मारपीट करने का बदमाशों ने वीडियो बनाकर उनके परिजनों के पास भेज कर रिहाई के बदले पैसों की मांग की। वीडियो देख परिजन डर गए और रायपुर पहुंच कर घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने वीडियो के आधार पर बदमाशों की पहचान कर उनके खिलाफ कार्रवाई की।*

### 2 लाख के विवाद पर रची थी साजिश

*पूछताछ में सामने आया कि करीब दो लाख रुपये के लेनदेन विवाद को लेकर आरोपियों ने सुनियोजित षड़यंत्र रचकर दोनों युवकों को करबला तालाब के पास से मंगलवार को अगवा किया था। हथियारों के बल पर मारपीट कर जबरन जमीन के दस्तावेजों पर हस्ताक्षर कराए गए। साथ ही नकद रकम, बैंक दस्तावेज, मोबाइल फोन और मोटरसाइकिल भी लूट ली गई। पुलिस की त्वरित कार्रवाई से बड़ी वारदात को अंजाम देने से पहले ही आरोपियों को पुलिस ने दबोच लिया।*

# लावारिस लाशों का अंतिम संस्कार करने कृष्ण मित्र संगठन सामने आया


मरकर भी सुकून नहीं, दफनाने के लिए जगह कम पड़ रही इसलिए छह लावारिस लाशें मुर्दाघर से बाहर नहीं आ पा रहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रशासन की अनदेखी के कारण लावारिस लाशों का अंतिम संस्कार करने जगह की कमी पड़ रही है। जगह की कमी के कारण लाश मुर्दाघर में कई-कई दिनों तक अंतिम संस्कार होने के इंतजार में पड़ी रहती है। मोक्ष मुक्ति श्रद्धांजलि डेढ़ दशक से जोरा में डेढ़ एकड़ सरकारी जमीन पर लावारिस लाशों का अंतिम संस्कार करती आ रही है। जोरा में स्थिति ऐसी हो गई है कि नई लाशों को कफन दफन करने एक इंच जगह नहीं बची है। इसके लिए मोक्ष श्रद्धांजलि ने प्रशासन से जगह देने मांग की है। लावारिस लाशों की हो रही दुर्गति को लेकर हरिभूमि ने शुक्रवार के अंक में प्रमुखता के साथ खबर प्रकाशित की है। खबर प्रकाशित होने के बाद भले ही प्रशासन की नींद नहीं टूटी, एक अन्य सामाजिक संस्था कृष्ण मित्र फाउंडेशन लावारिस लाशों का अंतिम संस्कार करने सरजू बांधा तालाब के पास अपने श्मशान घाट में लावारिस लाशों का विधि विधान से अंतिम संस्कार करने की बात कही है। इसके लिए संस्था के प्रमुख माधव यादव ने तहसीलदार को पत्र लिख कर लावारिस लाशों का अंतिम संस्कार करने जगह देने पत्र लिखने की जानकारी दी।

### पांच वर्ष पूर्व से करते आ रहे अंतिम संस्कार

कृष्ण मित्र फांडेशन के अध्यक्ष के अनुसार उनकी संस्था पांच वर्ष पूर्व से लावारिस लाशों का सम्मान पूर्वक अंतिम संस्कार करने का काम कर रही है। फाउंडेशन के अध्यक्ष के अनुसार उनके पास सारी व्यवस्थाएं हैं। इसके अलावा सरजू बांधा श्मशान घाट में चारों तरफ से बाउंड्री वाल भी खड़ी कर दी गई है।

### पत्र मिला है कार्यवाही की जाएगी

कृष्ण मित्र फाउंडेशन का लावारिश लाशों का अंतिम संस्कार करने जगह देने पत्र मिला है। लावारिश लाशों का सम्मान पूर्वक अंतिम संस्कार हो, इसके लिए स्वयं सेवी संस्था के पत्रानुसार कार्यवाही की जाएगी।

**- राममूर्ति दीवान** तहसीलदार



किडनी डायलिसिस उपलब्ध | लेटेस्ट 96 स्लाइस सी. टी. स्कैन मशीन | सर्वसुविधायुक्त ICU & NICU | डिजिटल एक्स-रे, सोनोग्राफी की सुविधा | सभी प्रमुख ऑपरेशन की सुविधा

डॉ. संदीप सराफ अग्रवाल
MS (Orthopedics), FIJR, FESS, FIAS
हड्डी, जोड़ प्रत्यारोपण, स्पाइन सर्जरी एवं आर्थोस्कोपी विशेषज्ञ
एक्सीडेंट, फ्रैक्चर, जोड़ो के दर्द,
कूल्हा एवं घुटना प्रत्यारोपण,
स्पाइन (रीढ़ की हड्डी) संबंधित परेशानी,
स्पोर्ट्स इंजुरी, लिगामेंट हेतु दूरबीन पद्धति,
आर्थोस्कोपी ये सभी इलाज और ऑपरेशन
प्रतिदिन उपलब्ध

AGRAWAL NURSING HOME
अग्रवाल नर्सिंग होम
बसना, जिला-महासमुंद (छ.ग.)
84618-11000, 77708-68473, 77730-86100
बीजू कार्ड/आयुष्मान कार्ड द्वारा निःशुल्क इलाज

डॉ. गंगाधर आत्राम
MBBS, MS, FMAS
जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन
हर्निया, गॉल ब्लैडर पथरी, ओवेरियन सिस्ट, पेट के ट्यूमर, सिस्ट के ऑपरेशन, सिजेरियन डिलीवरी
पथरी एवं मूत्र रोग, प्रोस्टेट, स्ट्रिक्चर के ऑपरेशन
थायराइड, कान के पर्दे के छेद, Tympanoplasty
पाइल्स, फिशर, स्तन में गठान, हाइड्रोसील ऑपरेशन
प्रतिदिन उपलब्ध

## खबर संक्षेप

### उपपंजीयक कार्यालय में भूमि का विक्रय मूल्य कम किए जाने की मांग



**सरायपाली।** छत्तीसगढ़ शासन के अंतर्गत महासमुंद के अधीन सरायपाली उप पंजीयक कार्यालय में सन 2025 -2026 में भूमि संबंधी बजार मूल्य गाइडलाइन दर में मूल्य अधिक होने के कारण आमजन मानस को भूमि का रजिस्ट्री कराने में दिक्कत हो रही है। चूंकि छत्तीसगढ़ के कई जिलों में गाइडलाइन दर में कमी की गई है। यह कि सरायपाली उप पंजीयक कार्यालय में अभीतक गाइडलाइन दर में कोई कमी नहीं की गई है। अन्य जिलों की तरह महासमुंद जिला उप पंजीयक कार्यालय सरायपाली में भी भूमि संबंधी बाजार मूल्य गाइडलाइन दर में कमी की जाए, जिससे आम जनता को सुविधा मिल सके। उक्त विषय पर मुख्यमंत्री, राजस्व मंत्री, पंजीयन मंत्री एवं कलेक्टर को ज्ञापन प्रेषित कर गरीब जनता को सुविधा दिए जाने की मांग नरेंद्र कुमार यादव वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा, भारतीय किसान यूनियन (सा) एवं प्रदेश प्रमुख महासचिव राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग संघ ने की है।

### नेत्र जांच शिविर आज

**धमतरी।** महावीर इंटरनेशनल शाखा धमतरी द्वारा प्रथम नेत्र जांच एवं निःशुल्क चश्मा वितरण शिविर आज सुबह 10 बजे ग्राम तरसींवा में स्व. अनूपचंद लूनावत की स्मृति में यादव भवन में रखा गया है।

### नेत्रहीन विद्यालय में मुख्यमंत्री साय का जन्मदिन मनायाः अलका




**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का जन्मदिन फॉर्च्यून नेत्रहीन विद्यालय करमापटपर बागबाहरा में नेत्रहीन बच्चों द्वारा केक काटकर फल, बिस्किट व मिठाई वितरण कर मनाया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम ठाकुर, जसराज चंद्राकर, आबिद कुरैशी, हरमीत बग्गा, नरेंद्र बग्गा, अतुल गंडेचा, हीरा साहू, टोपू देवांगन, दुर्गा शंकर दुबे, जितेंद्र चंद्राकर सहित नेट विद्यालय के शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# जन्मदिवस पर हितग्राही संपर्क एवं सम्मान अभियान का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के 62वें जन्मदिवस पर शनिवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा हर्षोल्लास के साथ मुख्यमंत्री का जन्मदिन मनाया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू, विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, भाजयुमो जिलाध्यक्ष अमन वर्मा एवं नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी के नेतृत्व में 21 फरवरी को स्थानीय जिला अस्पताल परिसर में सुबह 11 बजे से हितग्राही संपर्क एवं सम्मान अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू ने कहा कि आज का दिन हम सभी कार्यकर्ताओं के लिए गौरव का दिन है। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि विष्णुदेव साय ने मुख्यमंत्री के रूप में अल्प समय में ही विकास की जो गति पकड़ी है, वह अभूतपूर्व है। भाजयुमो जिलाध्यक्ष अमन वर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री, युवाओं के प्रेरणास्त्रोत हैं। जिला अस्पताल में हितग्राहियों का सम्मान कर हमें जो संतुष्टि मिली है, वही हमारे मुख्यमंत्री के लिए असली उपहार है।

इस अवसर पर भाजपा के जिला कोषाध्यक्ष राहुल चंद्राकर, पार्षद प्रतिनिधि राजू चंद्राकर, पूर्व पार्षद अरविंद प्रहरे, भाजपा नेता आनंद साहू, भाजपा नेता प्रकाश शर्मा, पंकज चंद्राकर, गोपाल प्रधान, डोमार तांडी, आयुष दुबे, देवांश ठाकुर, लिलेश साहू, धर्मेंद्र महोबिया, भगवती करकसे, गीतिका सोनी, महेंद्र सिक्का, शरद मराठा सहित वरिष्ठ पदाधिकारी, युवा मोर्चा कार्यकर्ता और आम नागरिक उपस्थित रहे।



### मुख्यमंत्री साय के जन्मदिन पर चलाया गया स्वच्छता अभियान

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के शहीद स्मारक में सेवा कार्यक्रम के तहत मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के जन्मदिन पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान गुलशन चंद्राकर, ऋषि चंद्राकर, संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने कहा कि देश में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा मनाया गया। राष्ट्रपति महात्मा गांधी की जयंती 2 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन का लागू किया गया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वच्छता को प्रोत्साहित करने के लिए 15 अगस्त 2014 को लागू किया गया। देश के लोगों को कहा कि सभी को स्वच्छता अभियान चलाया आवश्यक है। देश के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आव्हान और स्वच्छता अभियान से हम सभी को गली-चौराहे, मोहल्ले, स्कूल, कार्यालय, सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरणा मिली। स्वच्छता अभियान ने पूरे प्रदेश में जनआंदोलन का स्वरूप ले लिया है। छत्तीसगढ़ को सुंदर एवं स्वच्छ बनाना हम सभी का नैतिक कर्तव्य है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि स्वच्छता को हम सभी को अपनी आदत में शामिल करने की जरूरत है। उन्होंने लोगों से छत्तीसगढ़ को सुंदर एवं स्वच्छ छत्तीसगढ़ बनाने का संकल्प लेने का आव्हान करते हुए कहा कि सभी को स्वच्छता की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति महात्मा गांधी ने कहा था कि स्वतंत्रता के साथ ही स्वच्छता भी जरूरी है। बापू के सपने को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाथ में झाड़ू पकड़कर शुरूआत की। देश के लोग स्वच्छता अभियान में सहभागी बनें।

### राज्यपाल से सभापति प्रकाश की सौजन्य भेंट



**बसना।** विधायक निवास में राज्यपाल रमेन डेका से जनपद पंचायत बसना के सभापति प्रकाश सिन्हा एवं नगर पंचायत उपाध्यक्ष शीत गुप्ता ने सौजन्य भेंट कर गुलाब पुष्प भेंट किया तथा उनका स्नेह व आशीर्वाद प्राप्त किया।

# रायपुर में भाजयुमो ने किया कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन का घेराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



भारतीय जनता युवा मोर्चा ने इंडिया एआई इम्पैक्ट सम्मिट में युवा कांग्रेस द्वारा किए गए शर्मनाक, अमर्यादित एवं अभद्रतापूर्ण कृत्य के विरोध में शनिवार को राजधानी के राजीव भवन का घेराव किया। लगभग 2 हजार की संख्या में पहुंचे भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस पार्टी मुर्दाबाद, राहुल गांधी मुर्दाबाद के नारे लगाए। इसके पूर्व भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी का पुतला दहन किया था। भाजयुमो प्रदेश महामंत्री जितेन्द्र देवांगन, कुणाल ठाकुर, प्रदेश उपाध्यक्ष गौरी गुप्ता, जिला अध्यक्ष अर्पित सूर्यवंशी, जिला महामंत्री शंकर साहू, श्रेणिक बोथरा, प्रदेश कार्यालय प्रभारी अंकित द्विवेदी, मीडिया प्रभारी वाशु शर्मा, अनमोल तिवारी, सुनील शुक्ला, पूर्णिमा चौकसे, अश्वनी विश्वकर्मा, अमन यादव, विभूति कश्यप, राज गायकवाड़ आशीष आहूजा, राहुल यादव, अनवेश पांडे, कन्या शक्ति, तनु ठेठवार, निशा वैष्णव, भाजयुमो जिलाध्यक्ष अमन वर्मा, दुर्गा शंकर दुबे, नंदू जलक्षत्री, अभिषेक पांडे, गोपाल प्रधान, आयुष दुबे मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम एवं सेवाओं की मजबूती एवं गुणवत्ता के लिए जिला स्तरीय टीम ने की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खल्लारी

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आई नागेश्वर राव एवं डीपीएम नीतू धृतलहरे के निर्देशानुसार जिला स्तरीय टीम द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खल्लारी के सेक्टर मीटिंग में उपस्थित होकर समस्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता एवं प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से गठित जिला स्तरीय टीम ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खल्लारी सेक्टर बैठक में उपस्थित होकर समस्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की मैराथन समीक्षा की गई। जिसके साथ ही संबंधित स्वास्थ्य संस्थाओं का फील्ड भ्रमण कर जमीनी स्थिति का आकलन किया। इस दौरान आरसीएच 2.0, शत प्रतिशत गर्भवती पंजीयन, संस्थागत प्रसव, उच्च जोखिम गर्भवती महिलाओं की पहचान एवं फॉलोअप, एएनसी /पीएनसी सेवाएं, टीकाकरण सत्र, मातृत्व एवं शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम, शिशु एवं मातृ मृत्यु दर में कमी, परिवार नियोजन, पोषण अभियान, एनीमिया मुक्त भारत, बीपी शुगर स्क्रीनिंग, आयुष्मान भारत हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर, कायाकल्प, फाइलेरिया एमडीए, आधार बेस आधारित उपस्थिति, रिपोर्टिंग एवं डाटा गुणवत्ता सहित अन्य बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।



मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आई. नागेश्वर राव के निर्देशानुसार सभी राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप प्रगति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने गर्भवती पंजीयन को शत प्रतिशत करने, संस्था प्रसव में वृद्धि, टीकाकरण कवरेज बढ़ाने, मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी, फाइलेरिया दवा सेवन अभियान में पूर्ण कवरेज, टीबी एवं कुष्ठ रोग की सक्रिय खोज, बीपी शुगर स्क्रीनिंग, पोषण एवं एनीमिया नियंत्रण कार्यक्रम तथा कायाकल्प के अंतर्गत स्वच्छता एवं गुणवत्ता सुधार एवं आधार आधारित उपस्थिति व रिपोर्टिंग व्यवस्था को नियमित सुधार करने के निर्देश दिए। जिला टीम में नोडल आफिसर डॉ विकास चंद्राकर, उत्तम श्रीवास एवं घनश्याम देशमुख तथा अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।



### कृषकों को प्रशिक्षण सह क्षेत्र भ्रमण कराया

**बसना।** मिलाराबाद में विकासखंड बसना के समस्त ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी एवं क्षेत्रवार एक-एक नवान्वेषी कृषकों को प्रशिक्षण सह क्षेत्रभ्रमण कराया गया। जिसमें प्रगतिशील कृषक अंतर्यामी प्रधान द्वारा जैविक खेती एवं आईएफएस मॉडल पर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही साथ 2 एकड़ आम बगीचा, 8 एकड़ तिवडा, 7 एकड़ गेहूं, 2 एकड़ गन्ना का भी फील्ड विजिट कराया गया। जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी व उप संचालक कृषि महासमुंद के निर्देशानुसार अनुविभागीय कृषि अधिकारी सराईपाली एवं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी बसना के मार्गदर्शन में विशेष भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन किया गया था।

### मातृभाषा दिवस पर शिक्षिका अनिता को मिला मातृभाषा रत्न पुरस्कार



**सरायपाली।** स्थानीय प्रतिभा पब्लिक स्कूल में कार्यरत शिक्षिका अनिता महेश पाणिग्राही को अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के उपलक्ष्य में हिंदी भाषा में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए मातृभाषा रत्न पुरस्कार प्राप्त कर शाला, शहर एवं राज्य को गौरवान्वित किया। यह पुरस्कार काठमांडू, नेपाल की प्रतिष्ठित साहित्य संस्था प्रतिभा बहुक्षेत्रीय सम्मान फाउंडेशन के अध्यक्ष आनंद गिरी मयालु द्वारा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर साहित्य कार्यों के लिए विभिन्न साहित्यकारों को प्रदान किया गया, जिसका उद्देश्य देश-विदेश स्तर पर देवनागरी लिपि के संरक्षण एवं संवर्धन के साथ साहित्य कार्यों को प्रोत्साहित करना है। अनिता महेश पाणिग्राही साहित्य के क्षेत्र में महासमुंद जिले का एक जाना-पहचाना नाम हैं। उनकी लघुकथाएँ एवं कविताएं आए दिन समाचार पत्रों में प्रकाशित होती रहती हैं। इस साहित्यिक उपलब्धि से समिति अध्यक्ष नरेशचंद्र अग्रवाल, शाला संचालक डॉ. आभाष अग्रवाल, प्राचार्य नरहरि पटनायक के साथ समस्त शाला परिवार ने हर्ष जताया है।

# सामुदायिक भवन के सामने डोम सेट कार्य का भूमिपूजन

**सरायपाली।** नगर पालिका परिषद के विकास कार्यों की कड़ी में एक और नया अध्याय जुड़ गया है। वार्ड क्रमांक 10 महारानी लक्ष्मी बाई वार्ड में क्षेत्रीय निवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करते हुए सामुदायिक भवन के सामने डोम सेट निर्माण के लिए विधि-विधान से भूमिपूजन हुआ। इस कार्यक्रम की मुख्य विशेषता यह रही कि निर्माण कार्य का शुभारंभ जनसंघ के वरिष्ठ नेता और क्षेत्र के मार्गदर्शक जगदीश लाल उबोवेजा के कर-कमलों द्वारा किया गया।

नगर के वार्ड क्रमांक 10 में आयोजित इस कार्यक्रम में भक्ति और उत्साह का माहौल रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जगदीश लाल उबोवेजा ने मंत्रोच्चार के बीच शिला पूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि डोम सेट केवल एक ढांचा नहीं होता, बल्कि यह समाज के सुख-दुख और मेल-मिलाप का केंद्र होता है। उन्होंने वार्डवासियों को बधाई देते हुए इस कार्य को क्षेत्र की एकता का प्रतीक बताया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी और नगर पालिका के कई दिग्गज नेता उपस्थित रहे।



पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष चंद्र कुमार पटेल ने कार्यक्रम में अपनी विशेष उपस्थिति दर्ज कराई। उन्होंने वर्तमान पार्षद के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि नगर का चहुंमुखी विकास ही हमारी प्राथमिकता है। भाजपा के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष विपिन उबोवेजा ने इस दौरान कहा कि भारतीय जनता पार्टी 'अंत्योदय' के लक्ष्य के साथ काम कर रही है और वार्ड क्रमांक 10 में इस भवन के सामने डोम सेट का निर्माण अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को सामाजिक आयोजन के लिए एक सुलभ स्थान प्रदान करेगा। कार्यक्रम में वरिष्ठ नेता घासीराम अग्रवाल और दशरथ यदु ने भी अपने विचार साझा किए और निर्माण कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

वार्ड क्रमांक 10 की पार्षद दिव्या आशीष सेन ने इस महत्वपूर्ण उपलब्धि का श्रेय वार्डवासियों के सहयोग को दिया। उन्होंने कहा कि वार्ड की माता-बहनों और बुजुर्गों की सुविधा के लिए यह डोम सेट मील का पत्थर साबित होगा। कार्यक्रम के दौरान वार्ड की बड़ी संख्या में माताएं, बहनें और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे, जिन्होंने पुष्प वर्षा कर अतिथियों का स्वागत किया।

सरायपाली के इस वार्ड में डोम सेट की कमी लंबे समय से महसूस की जा रही थी। अब इसके निर्माण से वार्ड के भीतर होने वाले सामाजिक कार्यक्रम, बैठकें, शादी-विवाह के छोटे आयोजन और सरकारी योजनाओं के शिविर आयोजित करने में सुगमता होगी। वार्डवासियों ने इस पहल के लिए नगर पालिका प्रशासन और अपने जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया है। भूमिपूजन के पश्चात अतिथियों ने निर्माण स्थल का निरीक्षण किया और संबंधित ठेकेदार व अधिकारियों को कार्य को समय सीमा के भीतर और गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए।



### विशिष्ट सेवा के लिए तारेश का सम्मान

**खल्लारी।** तहसील साहू संघ बागबाहरा द्वारा खल्लारी में आयोजित शपथ ग्रहण व सम्मान समारोह में समाज के वरिष्ठजनों के द्वारा सामाजिक कार्यकर्ता व ग्राम पंचायत खल्लारी के उपसरपंच तारेश साहू को विशिष्ट सेवा सम्मान से सम्मानित किया।

# मुख्यमंत्री के जन्मदिवस पर भाजपा महिला मोर्चा ने किया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के जन्मदिवस पर भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा महासमुंद द्वारा जिलाध्यक्ष स्मिता हितेश चंद्राकर के नेतृत्व में भतकुंडा बनदुर्गा मंदिर प्रांगण में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। महिला मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष विभा अवस्थी के निर्देशन में इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू, महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष पुष्पलता चौहान, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष उषा पटेल, जिला महामंत्री तारेश्वरी नायक, उपाध्यक्ष शशि पटेल, सीमा नायक, मंत्री वर्षा साहू, जगमोती बोई जिला पंचायत सदस्य के मार्गदर्शन में पिरदा मंडल अध्यक्ष अभिमन्यु प्रधान एवं महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष विमला बेहरा के नेतृत्व में महिला मोर्चा की कार्यकर्ताएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम को पुष्पलता चौहान, उषा पटेल, तारेश्वरी नायक, शशि पटेल ने संबोधित किया। मंडल अध्यक्ष विमला बेहरा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा महतारी वंदन योजना एवं प्रधानमंत्री आवास देकर महिलाओं का जो सम्मान बढ़ाया है। कार्यक्रम में सांकरा मंडल अध्यक्ष चेतना साहू, गढ़फुलझर मंडल अध्यक्ष सावित्री कश्यप, बसना मंडल अध्यक्ष दीपा साहू, महामंत्री पदमा रातडे, उपसरपंच सत्यवती पटेल, पद्मनी यादव, विमला पटेल आदि मौजूद रहे।



HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेजर मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### 'अवसाद से मुक्ति की ओर' का हुआ विमोचन

**महासमुंद।** शासकीय माता कर्मा कन्या महाविद्यालय के ग्रंथपाल अजय कुमार श्रीवास द्वारा लिखित पुस्तक 'अवसाद से मुक्ति की ओर' का विमोचन 21 फरवरी शनिवार को पद्म विभूषण सम्मानित सुप्रसिद्ध लोक कलाकार तीजन बाई के द्वारा गरिमामय वातावरण में किया गया। पुस्तक मानसिक तनाव एवं अवसाद से मुक्ति के लिए सकारात्मक, व्यावहारिक एवं प्रेरणादायी मार्गदर्शन प्रदान करती है। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शीलभद्र कुमार सहित समस्त स्टाफ सदस्यों ने हर्ष जताया है। कार्यक्रम में तीजन बाई की बहू वेणु देशमुख का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।

### जनगणना के लिए जिला मास्टर ट्रेनर बने तोषण

**महासमुंद।** गृह मंत्रालय भारत



सरकार द्वारा जनगणना का कार्य मई 2026 से मार्च 2027 तक पूरे देश में कराया जाने वाला है, जिसकी प्रारंभिक तैयारियां शुरू हो गई है। इसके लिए कलेक्टर महासमुंद द्वारा शासकीय आशीबाई गोलछा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पदस्थ व्याख्याता तोषण गिरि गोस्वामी को जिला मास्टर ट्रेनर बनाया गया है। ज्ञातव्य है कि गोस्वामी वर्ष 2008 से आम निर्वाचन, जनगणना, आर्थिक गणना, मतदाता सूची पुनरीक्षण, एसआईआर, सामाजिक जातिय गणना, वन अधिकार व संरक्षण, चुनाव पाठशाला आदि विभिन्न महत्वपूर्ण कार्यों में जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर के रूप उत्तरदायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन करते आ रहे हैं। उन्हें जनगणना जैसे राष्ट्रीय कार्य में पुनः जिला मास्टर ट्रेनर बनाए जाने पर संस्था के प्राचार्य जीआर सिन्हा, विमल मन्नाडे, संजय मांझी, हेमंत खुंटे, खोमन चंद्राकर, खेमलता कंवर, पूजा साहू, नोबल ध्रुव, गैंद राम साहू, अनिता साहू, ज्योति किरण चंद्राकर, कीर्तन साहू, चंद्रशेखर मिथलेश, दुर्गेश नंदिनी यदु, तुलसी राम साहू आदि ने हर्ष जताया है।

## मुख्यमंत्री के जन्मदिन पर श्रमिकों का सम्मान एवं पौधारोपण



**झलप।** जिला महामंत्री भाजपा पिछडा वर्ग मोर्चा निर्भय नायक के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ राज्य के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के जन्मदिन के मौके पर श्रमिक एवं मजदूरों को फल नारियल और गमछा भेंटकर सम्मान किया गया। और ग्राम पंचायत लखनपुर में फलदार पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम में पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष ललिता अग्रवाल, विधायक प्रतिनिधि शम्मी सलूजा, मंडल महामंत्री कमल कौशिक, मंडल उपाध्यक्ष कुलजीत सलूजा, पूर्व सरपंच बरेकेल प्रकाश चंद्राकर, नरतोरा सोसाइटी अध्यक्ष छविंद्र पटेल, जिला महामंत्री अजा मोर्चा देवेंद्र राय सोसाइटी अध्यक्ष झलप सागर साहू, सरपंच प्रतिनिधि चोवा राम ध्रुव, जिला कार्यकारिणी सदस्य ओबीसी मोर्चा भूपेंद्र यादव, उमा शंकर यादव, देवदत्त साहू, कौशल साहू, भानु साहू, देवेंद्र साहू, संतराम ध्रुवशी, यादराम धीवर, टिकेश यादव, योगेंद्र ध्रुव आदि उपस्थित थे।

## सीएम के जन्मदिन पर काटा केक, किया पौधारोपण



**महासमुंद।** प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के जन्मदिन पर इमलीभाठा वार्ड नंबर 2 राधा-कृष्ण मंदिर के पास भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष पवन पटेल, ओबीसी मोर्चा के मंडल अध्यक्ष माखन पटेल, ओबीसी मोर्चा के आईटी सेल जिला प्रभारी योगेश कश्यप, जिला कार्यकारिणी सदस्य देवचंद्र कहार, पूर्व पार्षद प्रभा साहू, पूर्व पार्षद दिनेश बेहरा, पार्टी के कार्यकर्ता एवं मोहल्लेवासियों की उपस्थिति में केक काटा गया। पश्चात इमलीभाठा के मुक्तिधाम के पास पीपल पौधा का रोपित किया गया।

## मुख्यमंत्री साय के जन्मदिन पर स्वास्थ्य केंद्र में बांटे फल



**झलप।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के जन्मदिन पर भाजपा मंडल अध्यक्ष चंद्रहास गोलू चंद्राकर के नेतृत्व में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में फल वितरण किया गया। कार्यक्रम में पूर्व मंडल अध्यक्ष धर्मेश शुक्ला, भाजपा मंडल महामंत्री, सरपंच राकेश साहू, विधायक प्रतिनिधि बलीराम चौधरी, कमल कौशिक, शिव सिन्हा, डोमन यादव, रामेश्वर गब्बर साहू, ताराचंद पटेल, किसान मोर्चा अध्यक्ष भूपेंद्र चंद्राकर, पोतदार सोनवानी, जगदीश चौहान, संतोष पंडा, चैतराम पटेल, महिला मोर्चा अध्यक्ष लता ध्रुव, नारायण दीवान, तुकाराम कोसरे, पुरषोत्तम साहू, मोरध्वज चंद्राकर, टिकेश यादव समेत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### योजना: विभिन्न पेंशन एवं कल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन

# सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जरूरतमंद हितग्राहियों को मिल रहा नियमित लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले में सामाजिक न्याय एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न पेंशन एवं कल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन करते हुए समाज के कमजोर, वंचित एवं जरूरतमंद वर्गों को नियमित रूप से आर्थिक एवं सामाजिक सहायता प्रदान की जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनकल्याणकारी सोच एवं सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास, मूल मंत्र के अनुरूप तथा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में इन योजनाओं का सफल संचालन किया जा रहा है। इन योजनाओं के माध्यम से वृद्धजनों, विधवाओं, दिव्यांगजनों एवं आर्थिक रूप से कमजोर नागरिकों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है।

जिले में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना के अंतर्गत वर्तमान में कुल 33, 305 हितग्राहियों को पेंशन का लाभ प्रदान किया जा रहा है। इसी प्रकार इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना के अंतर्गत 9, 615 विधवाओं को नियमित आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है, जबकि इंदिरा गांधी राष्ट्रीय दिव्यांग पेंशन योजना के तहत 967 दिव्यांगजन लाभान्वित हो रहे हैं। सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के माध्यम से 24, 474 पात्र हितग्राहियों को लाभ दिया जा रहा है। सुखद सहारा योजना के अंतर्गत 9, 186 हितग्राहियों को सहायता प्रदान की जा रही है। वहीं मुख्यमंत्री पेंशन योजना के अंतर्गत 20, 053 लाभार्थियों को नियमित रूप से पेंशन राशि का भुगतान किया जा रहा है।



शिक्षा एवं सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए संचालित योजनाओं में दिव्यांगजन छात्रवृत्ति योजना के तहत वर्ष 2025-26 में 576 विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान की गई। उच्च शिक्षा प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत वर्ष 2025-26 में 20 विद्यार्थियों को आर्थिक सहायता दी गई। दिव्यांगजनों के सामाजिक पुनर्वास एवं प्रोत्साहन के लिए संचालित दिव्यांगजन विवाह प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत वर्ष वर्ष 2025-26 में अब तक 6 हितग्राहियों को लाभ प्रदान किया गया। इसी प्रकार राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना के अंतर्गत वर्ष 2025-26 में 76 पात्र परिवारों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई गई। वहीं दिव्यांगजनों की कार्यक्षमता एवं जीवन स्तर में सुधार हेतु कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण वितरण योजना के अंतर्गत वर्ष वर्ष 2025-26 में 941 हितग्राहियों को आवश्यक उपकरण वितरित किए गए। समस्त योजनाओं का क्रियान्वयन शासन के दिशा-निर्देशों के अनुरूप पूर्ण पारदर्शिता एवं समयबद्धता के साथ किया जा रहा है। विभाग द्वारा सतत निगरानी एवं समीक्षा के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि पात्र हितग्राहियों को समय पर लाभ प्राप्त हो। इन योजनाओं के माध्यम से सामाजिक सुरक्षा को सुदृढ़ करने के साथ ही समाज के कमजोर वर्गों को सम्मानजनक एवं सुरक्षित जीवन प्रदान करने की दिशा में भी कार्य किया जा रहा है।

## सिकासेर नहर परियोजना झलप तक विस्तारीकरण सर्वेक्षण की प्रशासकीय स्वीकृति : हितेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

सिकासेर जलाशय से कोडार जलाशय लिंक परियोजना का नहर विस्तारीकरण अब झलप क्षेत्र तक करने के लिए राज्य सरकार द्वारा सर्वेक्षण कार्य के लिए 287.51 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। सिकासेर नहर परियोजना के सूत्रधार आंदोलन नेतृत्वकर्ता भाजपा के किसान नेता हितेश चंद्राकर ने कहा कि सिकासेर के अतिरिक्त पानी जो भारी मात्रा में व्यर्थ बह जाता है, प्रस्तावित कोडार लिंक नहर परियोजना को विस्तारीकरण कर सूखा व अकाल ग्रस्त बागबाहरा एवं झलप, पटेवा क्षेत्र तक ले जाने की मांग को लेकर झलप क्षेत्र के सैकड़ों गांवों में पुनः बैठक कर किसानों की मांग को उठाया था उन्होंने कहा की कोडार जलाशय को भरने 2 अक्टूबर 2016 से ग्राम कौंवाझर से आंदोलन की शुरुआत की थी। जिसके परिणाम स्वरूप 2017-18 के बजट में नया रायपुर के पेयजल के लिए अपर सिकासेर जलाशय निर्माण प्रस्तावित डॉ रमन सिंह के कार्यकाल में हुआ। जिसमें किसानों की आंदोलन एवं मांग के चलते एक नहर चरोदा एवं कोडार जलाशय को भरने भी प्रस्तावित हुआ था।



जिसका विस्तार करते हुए बागबाहरा एवं महासमुंद ब्लॉक के झलप क्षेत्र तक लाने 5 अक्टूबर 2019 से ग्राम लखनपुर में किसानों ने बैठक की शुरुआत कर लगातार सैकड़ों गांव में बैठक कर किसानों की मांग को शासन प्रशासन तक पहुंचा था। उन्होंने बताया कि विस्तारीकरण से बागबाहरा क्षेत्र के सैकड़ों गांव महासमुंद क्षेत्र के सूखाग्रस्त झलप, पटेवा एवं पिथौरा ब्लाक के जोंक नदी के ऊपरी हिस्सा तक सैकड़ों गांव को सिंचित किया जा सकेगा, जिससे अब किसानों की खेत बिकने से रुकेगा एवं हजारों हजारों किसानों के पलायन को भी रोक लगेगी और क्षेत्र में समृद्धि आएगी।

## चिरायु योजना से मासूम लोकेश्वर को मिला नया जीवन, निःशुल्क ओपन हार्ट सर्जरी सफल





**पिथौरा (ग्रामीण)।** पिथौरा विकासखंड में चिरायु दल द्वारा स्कूलों एवं आंगनबाड़ियों में किए गए बच्चों के नियमित स्वास्थ्य जांच में ग्राम छिबर्रा में आयोजित स्वास्थ्य जांच शिविर के दौरान लोकेश्वर निर्मलकर जन्मजात गंभीर हृदय रोग से पीड़ित मिला। गौरतलब है कि बच्चे की गंभीर स्थिति को देखते हुए दल ने सर्जरी को लेकर परिजनों के मन से भय और चिंता को सहयोग और समझाइश दी। रायपुर स्थित हॉस्पिटल में ऑपरेशन के पश्चात सात दिनों तक विशेषज्ञ चिकित्सकों की निगरानी में बच्चे का उपचार जारी रहा।

### दो को दहन, 4 को खेली जाएगी होली

**महासमुंद।** मार्च माह 2026 में मनाए जाने वाले प्रमुख पर्वों की तिथियों का विवरण जारी कर दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार, 02 मार्च 2026 को होलिका दहन किया जाएगा। होलिका दहन का शुभ मुहूर्त रात्रि 1:26 बजे से 2:38 बजे तक रहेगा। वहीं बुधवार, 04 मार्च 2026 को होली (धुलेडी) का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। उक्त जानकारी श्री सत्यनारायण मंदिर खट्टी के पुजारी पंडित सुभाष शर्मा ने दी है।

### रायमुड़ा में तीन दिवसीय श्रीराम कथा में शरीक हुए तुषार

**महासमुंद।** ग्राम रायमुड़ा में आयोजित तीन दिवसीय श्रीराम कथा के समापन कार्यक्रम में राष्ट्रीय तेलीकर्मा सेना के संस्थापक व भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अशवंत तुषार साहू शामिल हुए। तुषार साहू ने राम कथा का आयोजन एक अत्यंत पावन धार्मिक कार्यक्रम है, जो समाज में आध्यात्मिक ऊर्जा, नैतिकता और एकता का संचार करता है। यह आयोजन आमतौर पर भव्य ध्वज यात्रा, संगीतमय भजनों, और संतों के प्रवचनों के माध्यम से किया जाता है, जिसमें रामचरितमानस या वाल्मीकि रामायण के माध्यम से राम के आदर्श जीवन की सीख दी जाती है। कथा का उद्देश्य मर्यादा पुरुषोत्तम राम के जीवन (जन्म से राज्याभिषेक तक) के माध्यम से बुराई पर अच्छाई और धर्म की स्थापना का संदेश देना है। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि गैंद राम कागजी, सेवा राम, कर्मा सेना झलप मंडल अध्यक्ष योगेश, कर्मा सेना पटेवा मंडल अध्यक्ष, रुमेश साहू, कोषाध्यक्ष भोग प्रसाद साहू, उपाध्यक्ष अजय साहू, टीकम, नारायण, कुशल आदि मौजूद रहे।

## छात्रों को तनाव प्रबंधन, ध्यान एवं सकारात्मक सोच के लिए परामर्श देने हेल्पलाइन शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा संचालित राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम (एनएमएचपी) के अंतर्गत विद्यार्थियों में परीक्षा के समय बढ़ते मानसिक तनाव, चिंता एवं अवसाद की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए 24×7 टेली-मानस हेल्पलाइन 14416 प्रारंभ की गई है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आई नागेश्वर राव ने बताया कि परीक्षा के समय मानसिक दबाव सामान्य है, परंतु समय पर उचित मार्गदर्शन मिलने से इसे प्रभावी रूप से नियंत्रित किया जा सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि किसी भी प्रकार की चिंता, घबराहट या अवसाद की स्थिति में 14416 पर तुरंत संपर्क करें और मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता दें। जिला कार्यक्रम प्रबंधक नीलू घृतलहरे ने सुझाव दिया कि विद्यालय एवं महाविद्यालय स्तर पर नियमित काउंसलिंग सत्र, योग एवं ध्यान कार्यक्रम तथा सकारात्मक संवाद का वातावरण बनाया जाना चाहिए, जिससे विद्यार्थियों का आत्मविश्वास बढ़े और वे परीक्षा को सहज रूप से ले सकें। जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. सीपी चंद्राकर ने जानकारी दी कि शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल के स्पर्श क्लिनिक में मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के लिए विशेषज्ञ परामर्श उपलब्ध है। यहाँ प्रशिक्षित मनोवैज्ञानिक एवं मनोसामाजिक कार्यकर्ता द्वारा विद्यार्थियों को व्यक्तिगत एवं समूह परामर्श प्रदान किया जाता है।

स्पर्श क्लिनिक में कार्यरत टीम सदस्य राम गोपाल खुंटे (मनोसामाजिक कार्यकर्ता), टेकेश्वरी गोस्वामी (क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट), खोमन लाल साहू (साइकियाट्रिक नर्सिंग ऑफिसर), जागृति साहू (स्टाफ नर्स), टेकलाल नायक एमई, देवकुमार डडसेना (योग प्रशिक्षक) द्वारा नियमित रूप से विद्यार्थियों को तनाव प्रबंधन, ध्यान, प्राणायाम एवं सकारात्मक सोच के अभ्यास कराए जा रहे हैं।

## खैरटखुर्द स्कूल में हुई टीएलएम निर्माण प्रशिक्षण प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

- शिक्षकों ने उत्साह पूर्वक लिया हिस्सा
- अपने नवाचारी शिक्षण माडल प्रस्तुत किए
- विजेताओं को किया गया पुरस्कृत



शिक्षा को रोचक, प्रभावी एवं बाल केंद्रित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला ख़ैरटखुर्द विकासखंड बागबाहरा में 20 फरवरी को टीएलएम (टीचिंग लर्निंग मटेरियल) निर्माण प्रशिक्षण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम संकुल प्राचार्य पुरुषोत्तम चंद्राकर के मार्गदर्शन में हुआ। कार्यक्रम का संचालन संकुल समन्वयक मोहिंदर पांडे ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि टीएलएम के माध्यम से कठिन विषयों को भी सरल, सहज और आकर्षक बनाया जा सकता है, जिससे बच्चों की सीखने की क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होती है। प्रतियोगिता में माध्यमिक विभाग से आत्माराम दीवान (मिडिल स्कूल मोखा), श्रद्धा पांडेय (मिडिल स्कूल ख़ैरटखुर्द) एवं डीलेश्वर राव सिंधिया (मिडिल स्कूल भटगांव) ने सहभागिता की। वहीं प्राथमिक विभाग से भूखन लाल टांडे (प्राथमिक शाला भटगांव), सरस्वती कोसरिया (प्राथमिक शाला नवाडीह), ललित कुमार साहू (प्राथमिक शाला ख़ैरटखुर्द), परसराम ठाकुर (प्राथमिक शाला भालूचुंवा) एवं रहमान भाई (प्राथमिक शाला मोखा) ने उत्साहपूर्वक अपने नवाचारी शिक्षण मॉडल प्रस्तुत किए।

प्रतिभागियों द्वारा गणित, विज्ञान, भाषा एवं सामाजिक विज्ञान विषयों पर आधारित आकर्षक एवं उपयोगी शिक्षण सामग्री तैयार की गई, जिसमें स्थानीय संसाधनों के रचनात्मक उपयोग ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। मूल्यांकन कार्य ईश्वर लाल पांडे (व्याख्याता), उदय राज सिंह धुर्वा (व्याख्याता), तनूजा चंद्राकर (व्याख्याता) एवं प्रीति चंद्रवंशी (विज्ञान सहायक) हॉयर सेकंडरी स्कूल खैरटखुर्द द्वारा निष्पक्ष रूप से किया गया।

प्राथमिक विभाग में प्रथम स्थान परसराम ठाकुर (प्राथमिक शाला भालूचुंवा) ने प्राप्त किया, जबकि द्वितीय स्थान ललित कुमार साहू (प्राथमिक शाला ख़ैरटखुर्द) को मिला। माध्यमिक विभाग में प्रथम श्रद्धा पांडेय (मिडिल स्कूल ख़ैरटखुर्द) एवं द्वितीय डिलेश्वर राव सिंधिया (मिडिल स्कूल भटगांव) रहे। सभी प्रतिभागियों को उनके उत्कृष्ट प्रयासों एवं नवाचार के लिए प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षकों में यमुना ध्रुव, ललिता कमार, सीमा पांडेय, खुगेश्वर साहू एवं भगत दास शामिल रहे। यह जानकारी शिक्षक भगत दास ने दी है।

## चुनिंदा फर्मों से ही एफआरके खरीदी की अनिवार्यता के कारण राइस मिलरों की बढ़ी लागत : रमेश साहू

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

फोर्टिफाइड राइस कर्नेल (एफआरके) की खरीदी को लेकर लागू नई व्यवस्था से जिले के राइस मिलरों में असंतोष व्याप्त है। भाजपा के वरिष्ठ नेता, पिटियाझर सोसायटी अध्यक्ष एवं राइस मिलर रमेश साहू ने कहा है कि चुनिंदा फर्मों से ही एफआरके खरीदी की अनिवार्यता के कारण मिलरों की लागत बढ़ गई है और उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।



पूर्व में मिलर अपनी सुविधा अनुसार खुले बाजार से प्रतिस्पर्धात्मक दर पर एफआरके खरीद लेते थे, जिससे लागत संतुलित रहती थी। वर्तमान में बाजार में एफआरके लगभग 40 रुपये प्रति किलो उपलब्ध है। जबकि, अधिकृत आपूर्तिकर्ता 60 रुपए प्रति किलो की दर से उपलब्ध करा रहे हैं। इससे मिलरों को डेढ़ गुना अधिक राशि का भुगतान करना पड़ रहा है। साहू ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा कुपोषण से लड़ने के उद्देश्य से फोर्टिफाइड चावल योजना शुरू की गई है। उन्होंने कहा कि मांग के अनुरूप समय पर एफआरके उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है, जिससे मिलिंग कार्य और समयबद्ध आपूर्ति में कठिनाई हो रही है। रमेश ने शासन से मांग की है कि एफआरके का वास्तविक एवं तार्किक दर निर्धारण किया जाए तथा पर्याप्त मात्रा में नियमित आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि योजना का लाभ हितग्राहियों तक सुचारू रूप से पहुंच सके और राइस मिलरों पर अनावश्यक आर्थिक भार न पड़े।

### व्यवसायी महासंघ के अध्यक्ष रहे ललित सुशील जैन के आकस्मिक निधन से क्षेत्र में शोक लहर

**सरायपाली।** नगर के वरिष्ठ व्यवसायी, व्यापारी महासंघ के अध्यक्ष व स्थानीय जैन समाज के अध्यक्ष ललित सुशील जैन (63) वर्ष का आकस्मिक निधन हो गया। वे सुरेश जैन के भाई तथा निनिष जैन के पिता थे। स्थानीय मुक्तिधाम में विधि विधान से उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनके निवास स्थान जैन कॉलोनी से अंतिम यात्रा निकली, जिसमें शहर व क्षेत्र वासियों के साथ-साथ बाहर से भी अनेक लोगों ने शामिल होकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किए।

